# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

शिक्षा मंत्रालय ([redacted], भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

**Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan**

Ministry of Education ([redacted], Govt. of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)


**दिनांक – 3 नवम्बर, 2020**

## अधिसूचना 846

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन की स्थापना शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वायत्तशासी संस्थान के रूप में संकल्प (Resolution) संख्या 6-3/85-संस्कृत IV दिनांक 30 मार्च, 1987 द्वारा वेदों की मौखिक परम्परा के संरक्षण, संवर्धन एवं वैदिक शिक्षण में अध्ययन-अध्यापन का उन्नयन हेतु की गयी है। प्रतिष्ठान से सम्बद्ध वेद पाठशालाओं और गुरु शिष्य परम्परा इकाईयों में "वेदभूषण" पाठ्यक्रम में कक्षा 5वीं उत्तीर्ण अथवा समकक्षता प्राप्त किये हुए छात्र को प्रवेश दिया जाता है। वैदिक शिक्षण पद्धति में छात्र 5 वर्ष अवधि के वेद भूषण पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के उपरांत "वेद भूषण" परीक्षा में उत्तीर्ण करने पर 10वीं/पूर्वमध्यमा के समकक्ष तुलनीय योग्यता प्राप्त करता है । "वेद भूषण" उत्तीर्ण छात्र दो वर्ष का "वेद विभूषण" पाठ्यक्रम का अध्ययन करने के उपरांत "वेद विभूषण" परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर 12वीं/उत्तरमध्यमा/प्राकशास्त्री के समकक्ष तुलनीय योग्यता प्राप्त करता है ।

दिनांक 17 जनवरी, 2020 को भारत सरकार के माननीय शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित शासी परिषद् की बैठक में प्रतिष्ठान की वेद भूषण एवं वेद विभूषण उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को उच्च अध्ययन एवं भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में सहायक होने के उद्देश्य से "वेद भूषण" प्रमाण पत्र को 10वीं/पूर्व मध्यमा के समकक्ष तथा "वेद विभूषण" प्रमाण पत्र को 12वीं/ उत्तरमध्यमा के समकक्ष उल्लेखित करने की स्वीकृति प्राप्त है ।

कक्षा 5 उत्तीर्ण अथवा समकक्ष योग्यता प्राप्ति के बाद 5 वर्षीय "वेद भूषण" और 2 वर्षीय "वेद विभूषण" पाठ्यक्रम (10+2) को निम्नानुसार समकक्षता निर्देशित की गयी है –

| प्रतिष्ठान की परीक्षाएं | उद्घोषित समकक्षता |
|---|---|
| वेद-भूषण - 1 वर्ष | प्रथमा -1 वर्ष/ कक्षा 6 के समकक्ष |
| वेद-भूषण - 1 वर्ष | प्रथमा -1 वर्ष/ कक्षा 6 के समकक्ष |
| वेद-भूषण - 2 वर्ष | प्रथमा -2 वर्ष/ कक्षा 7 के समकक्ष |
| वेद-भूषण - 3 वर्ष | प्रथमा -3 वर्ष/ कक्षा 8 के समकक्ष |
| वेद-भूषण - 4 वर्ष | पूर्व मध्यमा -1 वर्ष / कक्षा 9 के समकक्ष |
| वेद-भूषण - 5 वर्ष | पूर्व मध्यमा -2 वर्ष / कक्षा 10 के समकक्ष |
| वेद-विभूषण – 1 वर्ष | उत्तर मध्यमा - 1 वर्ष / कक्षा 11 के समकक्ष |
| वेद-विभूषण - 2 वर्ष | उत्तर मध्यमा – 2 वर्ष /कक्षा12 के समकक्ष |

देशभर के लगभग 20 विश्व विद्यालयों ने उपर्युक्त प्रमाण पत्रों को मान्यता प्रदान कर उच्च शिक्षा हेतु छात्र की योग्यता अनुसार प्रवेश देनें की अनुमति प्रदान की है । सूची प्रतिष्ठान की वेब साईट www.msrvvp.ac.in पर उपलब्ध है ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)

सचिव